## संक्षिप्त

### बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण का संदेश

**बीकानेर ।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बाल अधिकारिता विभाग द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विघालय इंदिरा कॉलोनी में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 'बालकों रो भविष्य जागे-बाल विवाह त्यागे' जन जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। बाल अधिकारिता विभाग के अधीक्षक रामनारायण बिश्नोई ने बताया कि अभियान के दौरान टीम द्वारा प्रार्थना सभा में बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर और संवेदनशील समस्या है, जो बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य पर गहरा प्रभाव डालती है। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाध्यापक मीना भटनागर ने बाल विवाह रोकने के लिए प्रेरित किया और बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया और बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान टीम द्वारा शपथ पत्र भरवाये गये तथा हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अपील की गई की बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है तथा बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करते हुए बाल विवाह होने की सूचना संबंधित विभाग या चाईल्ड हैल्प लाईन 1098 पर तुरंत देने की अपील की है। कार्यक्रम में बाल अधिकारिता विभाग की रिया सैन, सुमन मेहरा, मोहित मेहरा, चाइल्ड हैल्प लाइन 1098 की सरिता राठौड़, लक्ष्मीनारायण स्वामी तथा विद्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### वाटर वर्क्स के फिल्टर खराब

**अरजनसर ।** कस्बे में वाटर वर्क्स की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। यहां लगे फिल्टर लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे नहर का गंदा पानी सीधे घरों में सप्लाई किया जा रहा है। इस पानी में हरी काई और गंदगी साफ तैरती दिखाई देती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस पानी की प्रयोगशाला में जांच कराई जाए, तो यह नहाने योग्य भी नहीं पाया जाएगा। लंबे समय तक ऐसे दूषित पानी के सेवन से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। जल जीवन मिशन के तहत परिसर में एक बड़ी पानी की टंकी भी बनी हुई है, लेकिन उसे अभी तक चालू नहीं किया गया है। ग्रामीण लगातार मांग कर रहे हैं कि फिल्टर व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और उनकी मरम्मत व सुधार कार्य शीघ्र करवाया जाए, ताकि उन्हें पीने योग्य शुद्ध पानी मिल सके। कनिष्ठ अभियंता दीपक मीणा आज अरजनसर जलदाय विभाग पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले 10 दिनों के भीतर फिल्टरों को ठीक कर फिल्टर किया हुआ पानी सप्लाई किया जाएगा। मीणा ने यह भी बताया कि जहां डिग्गी की चारदीवारी नीची है, उसे ऊंचा किया जाएगा। इसके अलावा, जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकी से भी जल्द ही पानी की सप्लाई शुरू की जाएगी।

# गगाशहर अस्पताल में 100 बेड के इंतजाम के लिए सीएम को पत्र लिखा

- 2024 के बजट में यहां प्रसूति विभाग खोलने के लिए सरकार ने कहा था मगर अब तक यहां स्टॉफ का इंतजाम नहीं हुआ।
- वर्तमान में 50 बेड का अस्पताल स्वीकृत है मगर रोगियों की संख्या को देखते हुए ये बहुत कम है। इसलिए इस अस्पताल को 100 बेड का किया जाए तो जनता को और राहत मिलेगी

**बीकानेर ।** सरकार बजट 11 फरवरी को पेश कर सकती है। इसको लेकर बीकानेर में भी हलचल शुरू हो गई। सोमवार को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को गंगाशहर अस्पताल को लेकर पत्र लिखा गया है जिससे बजट में अस्पताल के लिए कोई अच्छी घोषणा हो सके। पत्र पूर्व शहर भाजपा महामंत्री मोहन सुराना ने लिखा। कहा, गंगाशहर, सुजानदेसर, भीनासर, किसमीदेसर, श्रीरामसर समेत आठ-दस गांव के लोग इस अस्पताल में आते हैं। दो लाख की आबादी के लिए ये अस्पताल है। 1400 तक का आउटडोर रहता है। 2024 के बजट में यहां प्रसूति विभाग खोलने के लिए सरकार ने कहा था मगर अब तक यहां स्टॉफ का इंतजाम नहीं हुआ। वर्तमान में 50 बेड का अस्पताल स्वीकृत है मगर रोगियों की संख्या को देखते हुए ये बहुत कम है।

इसलिए इस अस्पताल को 100 बेड का किया जाए तो जनता को और राहत मिलेगी। 100 बेड के हिसाब से ही ओपीडी समेत अन्य इंतजाम भी सरकार को करने होंगे। अगर ऐसा होता है तो सीधे तौर पर दो लाख की आबादी को फायदा मिलेगा। वर्तमान में 20-25 बेड के चार वार्ड हैं। 6 बेड के पांच वार्ड और 6 कॉटेज हैं।

आंखों का ऑपरेशन थिएटर, दो कमरे, हॉल समेत अन्य संसाधन भी हैं। वेटिंग हॉल, लेबर रूम, नवजात शिशु कक्ष, एंटीनेंटल वार्ड, पोस्ट डिलीवरी वार्ड, इंजेक्शन पट्टी कक्ष, टी.बी. की दवा वितरण कक्ष, उपयुक्त संख्या में ओ.पी.डी. कक्ष एवं चैम्बर, रजिस्ट्रेशन कक्ष (2 खिड़की), दवा वितरण केन्द्र (5 खिड़की), दवा भण्डारण के लिए 2 गोदाम (लगभग 1800 वर्ग फुट), ग्राउण्ड फलोर एवं प्रथम सतह पर समुचित संख्यां में पुरुष एवं महिलाओं के लिए सुविधाएं। डिजिटल एक्स रे की सुविधा, सोनोग्राफी की सुविधा, आंखों का आउट डोर - आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों सहित, फिजियोथेरेपी विभाग (समुचित मशीनें एवं उपकरण), एम.ओ.टी कक्ष, दन्त विभाग में डेण्टल चेयर, आर.वी.जी सहित एक्स रे आदि समुचित सुविधाओं के साथ ईसीजी आदि की भी व्यवस्था है। इसलिए सरकार 100 बेड की घोषणा करे जनता को राहत मिलेगी। पत्र में मोहन सुराना ने सीएम को लिखा कि गंगाशहर नागरिक परिषद् ने इस अस्पताल को गोद लेकर अस्पताल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसीलिए आज अस्पताल के हालात ठीक है आवश्यकता हुई तो इसके लिए निर्माण एवं संसाधन जुटाने में गंगाशहर नागरिक परिषद् पूर्ण सहयोग करने का प्रयास करेगी।

इस अस्पताल में प्रसूति विभाग का निर्माण अर्जुनराम मेघवाल ने सांसद कोटे से व विधायक सिद्धिकुमारी ने विधायक कोटे से सहयोग राशि से सन् 2018 में हुआ था। लेकिन इसके 7 वर्षों के बाद भी स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की समुचित व्यवस्था न होने से प्रसूति की समुचित सेवाएं यहां नहीं मिल पा रही है।

### महिला से मंगलसूत्र छीना

**नाल ।** थाना क्षेत्र में करमीसर से बच्छासर जाने वाले मार्ग पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला का सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, करमीसर निवासी माधुरी देवी अपनी बेटी के साथ सती माता मंदिर से दर्शन कर पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान सामने से आए बाइक सवार दो युवकों ने अचानक उनके गले पर हाथ डालकर मंगलसूत्र झपट लिया और तेज रफ्तार से भाग निकले। घटना के तुरंत बाद मां-बेटी ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी ओझल हो चुके थे। इस संबंध में करमीसर निवासी कालूराम जाट ने नाल थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# ओवरब्रिज की मांग को लेकर मंडल रेल प्रबन्धक को सौंपा ज्ञापन

- इस लिंक रोड़ पर रेलवे का फाटक बना हुआ है जो कि दिन भर में करीब 40 से 45 बार बंद होता है । एक बार फाटक बंद होने पर मौके पर लंबा जाम लग जाता है एवं 15 से 20 मिनट इन्तजार करना पड़ता है

**बीकानेर ।** रीको लिमिटेड क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र प्रसाद शर्मा, बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया, ज़ेड आरयूसीसी सदस्य नरेश मित्तल एवं संयोजक राजीव शर्मा ने बींछवाल करणी औद्योगिक क्षेत्र लिंक रोड स्थित रेलवे फाटक पर पुल बनवाने बाबत मंडल रेल प्रबन्धक गौरव गोविल से चर्चा की। चर्चा में बताया गया कि बींछवाल एवं करणी औद्योगिक क्षेत्र में लगभग सैकडों औद्योगिक इकाइयां है जिनका अपने व्यापारिक व औद्योगिक कारणों से इस लिंक रोड़ से आना जाना रहता है। साथ ही उक्त दोनों क्षेत्रों में अनेक ऐसी औद्योगिक इकाइयां भी है जो देश विदेश में अपने प्रोडक्ट की वजह से ख्यातनाम भी है और इन इकाइयों का रोजाना लाखों टन माल बीकानेर से बाहर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार माल इसी लिंक रोड़ की और से निर्यात के लिए जाता एवं कच्चा माल आता है।

बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा संभागीय आयुक्त एवं रीको क्षेत्रीय प्रबन्धक को इस समस्या से अवगत करवाया गया है जिस पर संभागीय आयुक्त एवं रीको लिमिटेड बीकानेर कार्यालय द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय को इस समस्या के समाधान के लिए उचित नियमानुसार कार्यवाही हेतु पत्राचार भी किया गया है। बीकानेर जिला उद्योग संघ द्वारा इस समस्या समाधान की कार्यवाही हेतु नियुक्त संयोजक राजीव शर्मा ने बताया कि साथ ही वर्तमान में करणी थर्ड फेस का भी विस्तार शुरू किया जा चुका है जिसमें वृहद एवं लघु उद्योग राष्ट्रीय स्तर के स्थापित हो रहे हैं जो कि बीकानेर की एक पहचान के स्तर पर जाने जायेंगे। इस लिंक रोड़ पर रेलवे का फाटक बना हुआ है जो कि दिन भर में करीब 40 से 45 बार बंद होता है। एक बार फाटक बंद होने पर मौके पर लंबा जाम लग जाता है एवं 15 से 20 मिनट इन्तजार करना पड़ता है। कई बार मालगाड़ी संटिंग की वजह से आधा घंटा भी लग जाता है और माल परिवहन में अनावश्यक देरी हो जाती है, साथ ही करणी औद्योगिक क्षेत्र में इंजीनियरिंग कोलेज भी बना हुआ है और फाटक बंद होने की वजह से विद्यार्थियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि शीघ्र ही बीछवाल - करणी औद्योगिक क्षेत्र लिंक रोड़ स्थित रेलवे फाटक पर फिजिबिलिटी जांच कर समस्या से निजात दिलवाने का प्रयास किया जाएगा।

# नोखा में विराट हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता

- स्वदेशी, पर्यावरण को जीवन में अपनाने का आव्हान
- जोरावरपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन हनुमान बस्ती, बस्ती क्रमांक-7, जोरावरपुरा में संपन्न हुआ।

**नोखा ।** जोरावरपुरा स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन हनुमान बस्ती, बस्ती क्रमांक-7, जोरावरपुरा में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सैकड़ों माताओं और बहनों ने मंगल गीत गाते हुए बस्ती के मुख्य मार्गों से तीन अलग-अलग कलश यात्राएं निकालीं। कार्यक्रम में बस्ती के सैकड़ों धर्म प्रेमी सज्जनों और मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सम्मेलन में संत प्रकाशदास जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने परिवार प्रबोधन, संस्कृति और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। महाराज ने मातृशक्ति से अपने बच्चों को परिवार में अच्छे संस्कार देने का आव्हान किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सौ वर्ष की यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि संघ का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना है।

उन्होंने राम सेतु रक्षा, राम मंदिर निर्माण और अमरनाथ यात्रा जैसे अवसरों पर समाज द्वारा प्रदर्शित सामाजिक एकता का भी जिक्र किया। उन्होंने जोर दिया कि आज भी कई ताकतें हिंदू समाज को तोड़ने का प्रयास करती रहती हैं, इसलिए सजग रहना आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन के विषयों - सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण, परिवार प्रबोधन और नागरिक कर्तव्यों - के बारे में विस्तार से बताया और समाज से इन्हें अपने जीवन में अपनाने का आव्हान किया। उन्होंने एक तार्किक खेल के माध्यम से पंच प्राण के बारे में भी समझाया। समाज सेविका और कवयित्री उर्मिला तापडिया ने बालिका शिक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने इसे परिवार और समाज के विकास के लिए आवश्यक बताया। साथ ही, उन्होंने मोबाइल के लाभ-हानि बताते हुए इसके सीमित उपयोग का आ ान किया। बालिका जयश्री टाक ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन चरित्र का वर्णन किया, जबकि भूमिका सोनी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। एडवोकेट ममता छींपा ने स्वागत भाषण दिया और नोखा नगर कार्यवाह एडवोकेट ललितकुमार सेन ने मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठेकेदार चीमाराम छींपा ने की, और संघ के नोखा नगर संघ चालक शिवनारायण झंवर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राजकुमार पारीक, ओम बिश्नाई, गंगाराम पांडिया, छोटूराम छींपा, रामेश्वरलाल छींपा, केसरीचंद छींपा, पतराम भादू, बद्रीनारायण कुमावत, विक्रम, महावीर पारीक, जोगाराम सुथार, नरेंद्र छींपा सहित कई गणमान्य व्यक्ति और मातृशक्ति उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट लालचंद छींपा ने किया।

### जिनालय का जीर्णोद्धार पूर्ण

**बीकानेर ।** गंगाशहर के प्राचीन श्री पार्श्व नाथ जिनालय (गोल मंदिर) इन दिनों दिव्यता और भव्यता के अद्भुत संगम का साक्षी बना हुआ है। जीर्णोद्धारोपरांत नवनिर्मित त्रिशिखरीय शिखरबद्ध जिनालय में भगवान श्री सांवलिया पार्श्व नाथ सहित 15 नूतन एवं प्राचीन प्रतिमाओं की अंजनशलाका-प्रतिष्ठा महोत्सव 4 से 9 फरवरी तक आयोजित होगा। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र श्रद्धा, कला और रोशनी से आलोकित हो उठा है। खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिन मणिप्रभ सूरीश्वर महाराज की निश्रा में यह महोत्सव भगवान श्री पार्श्व नाथ मंदिर जीर्णोद्धार ट्रस्ट एवं सेठ फौजराज बांठिया पार्श्व नाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में संपन्न हो रहा है।

## सार-समाचार

### 'आत्मा कभी नष्ट नहीं होती'

**बीकानेर ।** तेरापंथी सभा गंगाशहर द्वारा शांतिनिकेतन सेवा केंद्र में आयोजित एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम में साध्वी विशदप्रज्ञा ने जीवन, मृत्यु और आत्म-कल्याण के गहरे रहस्यों पर प्रकाश डाला। अपने मंगल उद्बोधन में साध्वी श्री ने कहा कि संसार में सभी भौतिक द्रव्यों और पुद्गलों का मिलना-बिछड़ना (संयोग-वियोग) निश्चित है, लेकिन केवल आत्मा ही शाश्वत, अजर और अमर है। ज्ञान और दर्शन के लक्षणों वाली यह आत्मा कभी नष्ट नहीं होती। साध्वी श्री ने चार गतियों—नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देव—का उल्लेख करते हुए मनुष्य गति को सर्वश्रेष्ठ बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मनुष्य के पास अनंत शक्ति, ज्ञान और बुद्धि होती है। यदि मनुष्य अपनी इन शक्तियों का सदुपयोग करता है, तो वह मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है, अन्यथा शक्तियों के दुरुपयोग से वह अधोगति (नरक) की ओर जाता है। उन्होंने संथारा और संलेखना को दुनिया की सबसे विलक्षण कला करार देते हुए कहा कि आगमों में वर्णित तीन मनोरथों में सर्वश्रेष्ठ मनोरथ 'संथारा' की कामना करना ही है। संलेखना और संथारा की सूक्ष्मताओं को समझाते हुए साध्वी जी ने बताया कि संलेखना वास्तव में संथारे की पूर्व तैयारी है। यह दो प्रकार की होती है—द्रव्य और भाव। जब व्यक्ति के मन से आहार, शरीर, परिवार, नाम और यश के प्रति आसक्ति समाप्त हो जाती है, तभी वह संथारा साधना की ओर बढ़ सकता है। मोह विजय, रस विजय, ध्यान, स्वाध्याय और तप के माध्यम से शरीर और मन को मजबूत किया जाता है। उन्होंने संथारा के तीन प्रकारों—भक्तपान, इंगिनी मरण और पोदोपगमन—का भी विवरण साझा किया। साध्वी विशदप्रज्ञा ने स्पष्ट किया कि संथारा किसी दबाव, प्रलोभन या नाम-यश के लालच में नहीं, बल्कि केवल आत्म-कल्याण और दृढ़ मनोबल के साथ किया जाता है। यह 'मरने की कला' है, जहाँ व्यक्ति समता भाव से शरीर का मोह त्यागकर मृत्यु का वरण करता है।

### सत्संग के दौरान आग लगी

**देशनोक ।** पारवा टोल नाका क्षेत्र में एक खेत में आयोजित पुण्यतिथि सत्संग कार्यक्रम के दौरान भीषण आग लग गई। इस घटना में तीन झोपड़े जलकर राख हो गए और एक व्यक्ति घायल हो गया। आग लगने का समय रात करीब 8:30 बजे बताया गया है। सत्संग कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा था, तभी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते आग पास के तीन झोपड़ों तक फैल गई और उन्हें पूरी तरह जला दिया। आग से खेत में रखा घरेलू सामान, 3 लाख रुपये नकद, राशन सामग्री और बड़ी मात्रा में बन रहा भोजन भी जल गया। इसके अतिरिक्त, खेत संबंधी और टेंट का सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ।

### 35 लाख की लाइब्रेरी का लोकार्पण

**बीकानेर ।** गांव की बेटियों के सपनों को पंख देने की दिशा में उदयरामसर में एक बड़ी पहल हुई है। यहां पंचायत राज खर्च से नवनिर्मित बालिका पुस्तकालय का उद्घाटन हुआ, जो अब आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए पढ़ाई का समर्पित केंद्र बनेगा। शिक्षा को समर्पित इस सुविधा ने ग्रामीण छात्राओं को शहर जैसा अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया है। उद्घाटन अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता जिला परिषद धीर सिंह गोदारा ने कहा कि शिक्षा समाज की रीढ़ है और बालिका शिक्षा सामाजिक सशक्तिकरण की कुंजी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। और यह लाइब्रेरी उसी सोच का परिणाम है। इस पुस्तकालय में 65 सीटों की व्यवस्था, हाई-स्पीड इंटरनेट, वातानुकूलित अध्ययन कक्ष, कंप्यूटर कक्ष और बालिकाओं के लिए अलग शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। निर्माण पर 15 लाख रुपए राज्यसभा मद तथा 20 लाख रुपए जिला परिषद एसएफसी-6 से खर्च किए गए, कुल लागत 35 लाख रुपए रही। सरपंच संतोष यादव ने इसे बालिका शिक्षा के लिए मील का पत्थर बताया, जबकि देहात कांग्रेस अध्यक्ष विशनाराम सियाग ने कहा कि जब बेटियां पढ़ेंगी तभी समाज प्रगतिशील बनेगा। उपसरपंच हेमंत यादव ने बताया कि पहले लड़कों के लिए बनी लाइब्रेरी के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, कई युवाओं का चयन प्रतियोगी परीक्षाओं में हुआ है। कार्यक्रम में सहायक अभियंता मुकेश आहुजा, जिला समन्वयक आईईसी गोपाल जोशी, कनिष्ठ तकनीकी सहायक रामनिवास बिश्नोई सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। संचालन सुधीर कुमार मिश्रा ने किया।

### लक्ष्य में बीकानेर डाक मंडल रहा सबसे आगे

**बीकानेर ।** डाक जीवन बीमा के करोड़पति अभियान में बीकानेर डाक मंडल ने ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसने पूरे पश्चिम राजस्थान क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर दी। परिमंडल कार्यालय जयपुर द्वारा जनवरी माह के लिए निर्धारित एक करोड़ रुपए प्रीमियम लक्ष्य को बीकानेर मंडल ने न केवल हासिल किया, बल्कि उसे पीछे छोड़ते हुए 1,76,45,105 रुपए का प्रीमियम अर्जित किया। यह उपलब्धि लक्ष्य का 176 प्रतिशत है और मंडल के इतिहास की अब तक की सर्वाधिक प्रीमियम उपलब्धि मानी जा रही है। हाल ही में अधीक्षक पद का कार्यभार संभालने वाले रामवतार सोनी ने पदभार ग्रहण करते ही सक्रियता दिखाई।

# बीकानेर : शिक्षकों की रिकवरी रोकने तथा वेतन बिल भुगतान की मांग

- बीकानेर कोषाधिकारी धीरज जोशी से संगठन शिष्टमंडल प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने मिलकर विपत्र पारित करने की मांग की

**बीकानेर ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर में प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा के नेतृत्व में निदेशक कोष एवं लेखा संध्या शर्मा से मिलकर शिक्षकों की रिकवरी रुकवाने एवं उनका रुका हुआ वेतन दिलाने तथा न्यायालय निर्णय अनुसार वसूली स्थगन की स्थिति में बकाया वेतन भुगतान को लेकर बीकानेर कोषाधिकारी धीरज जोशी से संगठन शिष्टमंडल प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने मिलकर विपत्र पारित करने की मांग की। अतिरिक्त महामंत्री बसन्त जिन्दल एवं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य' ने बताया कि सत्र 2019 से 2023 के मध्य क्रमोन्नत विद्यालयों में पदों का आवंटन नहीं होने के कारण इन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का वेतन अन्यत्र विद्यालयों से आहरित किया गया था। वर्तमान में शहरी क्षेत्र में कार्यरत जिन शिक्षकों का वेतन ग्रामीण क्षेत्रों से आहरित किया गया उनके मकान किराया भत्ता तथा शहरी भत्ते की रिकवरी की जा रही है और रिकवरी ना कराने पर वेतन रोका जा रहा है। विडम्बना है कि उन शिक्षकों की भी रिकवरी की जा रही है।

# वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश अध्यक्ष सत्यवीर सिंह का स्वागत

- समाज में शिक्षा, संगठन और संवैधानिक जागरूकता से ही वास्तविक सामाजिक परिवर्तन संभव है

**बीकानेर ।** डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी, राजस्थान के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सत्यवीर सिंह (सेवानिवृत्त आईपीएस) का आज बीकानेर आगमन पर स्थानीय सर्किट हाउस में स्वागत किया गया। इस अवसर पर वाल्मीकि यूथ क्लब बीकानेर की ओर से उनका स्वागत किया गया तथा उन्हें शॉल ओढ़ाकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सत्यवीर सिंह ने कहा कि समाज में शिक्षा, संगठन और संवैधानिक जागरूकता के माध्यम से ही वास्तविक सामाजिक परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और सकारात्मक दिशा में कार्य करने का आव्हान किया। साथ ही उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और संविधान के मूल्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर वाल्मीकि यूथ कूब, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राहुल जादुसंगत के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय, शिक्षा, युवाओं की भूमिका तथा संवैधानिक मूल्यों पर सार्थक संवाद हुआ। राहुल जादुसंगत ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों की आवाज़ को मजबूती से उठाती रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सत्यवीर सिंह के अनुभवी एवं संवेदनशील नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होकर कार्य करेगा। कार्यक्रम में शहर सफाई कर्मचारी नेता शिवलाल तेजी, वाल्मीकि यूथ क्लब के अध्यक्ष विजय पंडित, संगठन महासचिव सुनील चांवरिया, राकेश पंडित, पूनमचंद कंड़रा, ओमप्रकाश चांवरिया, प्रकाश सांसी, चंद्रप्रकाश पंडित, मोतीलाल सरवटे सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक:- नियमन/2026/5123 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 27/01/2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 के किला नं. 6, 7 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री ऐश्वर्य प्रसाद शर्मा पुत्र श्री मोहन लाल शर्मा निवासी वार्ड नम्बर 38, भारद्वाज कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री ऐश्वर्य प्रसाद शर्मा पुत्र श्री मोहन लाल शर्मा निवासी वार्ड नम्बर 38, भारद्वाज कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 5/6 के किला नं. 6, 7 में भूखण्ड संख्या का माप 15'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 03-02-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 24 के किला नं. 2 से 5 में माप 15 इन्टू 25 फीट भूखण्ड संख्या 06, न्यू फर्नीचर मार्किट श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 6115 दिनांक 31.05.2008 को श्री लखवीर सिंह पुत्र श्री गुरविन्द्र सिंह एवं श्री गुरविन्द्र सिंह पुत्र श्री धन्ना सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि नामान्तरण उपरांत श्री राजेन्द्र चुघ पुत्र श्री मोहनलाल चुघ के नाम से न्यास रिकॉर्ड में दर्ज है। उक्त भूखण्ड को श्री बालकृष्ण एवं श्री मनपाल पिसरान श्री बीरबल राम निवासी चक 5 बाई, श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बेयनामा दिनांक 15.01.2026 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एव शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटा एव अन्य दस्तावेजों का समर्पण करभूखण्ड का फ्री होल्ड पटटा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अत: उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदको द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 20245311 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 29-1-2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 23 के किला नं. 04 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0''गुणा 65'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री रतीराम पुत्र श्री हजारीराम निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अत: उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री रतीराम पुत्र श्री हजारीराम निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 23 के किला नं. 04 में भूखण्ड संख्या का माप 25'-0''गुणा 65'-0''फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वत: ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
RajKaj Ref No.19841614 -सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्र. :- नियमन/2026/5130 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 03.02.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिवजीत कौर गब्बी पत्नी श्री राज लखबीर सिंह गब्बी निवासी ए-8, मॉडल टाउन-।।, सरकारी हॉस्पीटल के पीछे, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 35 के किला नं. 19 में माप 28 इंटू 65 फीट भू.सं. के-21 जगदम्बा कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 3185 दिनांक 22.2.2013 को श्रीमती कौशल्या देवी पत्नी श्री नागरमल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती शिवजीत कौर द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15.12.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती शिवजीत कौर गब्बी पत्नी श्री राज लखबीर सिंह गब्बी निवासी ए-8, मॉडल टाउन-।।, सरकारी हॉस्पीटल के पीछे, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1267 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

RIICO GROW WITH RAJASTHAN | राजस्थान सरकार का उपक्रम | RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

**औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार**

सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन



**आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना**

61 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 290 कुल भूखण्ड | 281 औद्योगिक भूखण्ड | 09 लॉजिस्टिक भूखण्ड

**उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है**

ईएमडी — प्रारम्भ तिथि: 04 फरवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) / अंतिम तिथि: 18 फरवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 19 फरवरी, 2026 (प्रात: 10:00 बजे) / अंतिम तिथि: 23 फरवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | आबू रोड़ | 01 | चूरू | 34 | नागौर | 07 | उदयपुर |
| 35 | अजमेर | 08 | बीकानेर | 07 | पाली | 02 | जयपुर (दक्षिण) |
| 03 | अलवर | 14 | श्रीगंगानगर | 24 | झालावाड़ | 02 | जयपुर (उत्तर) |
| 07 | भिवाड़ी-I | 08 | किशनगढ़ | 01 | जालोर | 22 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 23 | भिवाड़ी-II | 13 | भीलवाड़ा | 11 | राजसमंद | 02 | जोधपुर |
| 06 | बोरानाडा | 01 | जयपुर (ग्रामीण) | 20 | कोटा | 03 | सवाईमाधोपुर |
| 05 | घिलोठ | | | 03 | नीमराना | | |

राज.संवाद/सी/25/19083

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

**राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in